श्रीकृष्ण भवन ( गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स) 283, वैस्टर्न कचहरी मार्ग, मेरठ। फोन: 0121-2641338
shramshikhar@gmail.com shram shikhar shramshikhar.co.in

हिन्दी साप्ताहिक
# श्रम शिखर
सकारात्मक- सूचनात्मक उपयोगी समाचार

प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ
153–2025–2027
RNI No. UPHIN/2009/31760
वर्ष 17 अंक 04
विक्रम संवत 2081
माघ कृष्ण षष्ठी से
माघ कृष्ण द्वादशी
20 जनवरी सोमवार से
26 जनवरी रविवार 2025 तक
कुल पृष्ठ 04 मूल्य 4रु/-

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर **सरकारी विभाग उपलब्धियां और योजनाएं** मेरठ राइजिंग

शासकीय विभागों से निवेदन कि अपनी उपलब्धियां, योजनाएं, विस्तृरित परिचय प्रकाशनार्थ भेजें।

## उत्तर प्रदेश विधान परिषद् की नियम पुनरीक्षण समिति द्वारा मेरठ, बागपत व हापुड़ के अधिकारियों की गई बैठक

**विकास भवन सभागार में उत्तर प्रदेश विधान परिषद की नियम पुनरीक्षण समिति के मा0 सभापति श्री धर्मेन्द्र भारद्वाज की अध्यक्षता में जनपद मेरठ, बागपत व हापुड**

अधिकारियों के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में मा० सभापति ने कहा कि उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेशवासियों हेतु संचालित जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं योजनाओं का लाभ पंक्ति में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए सभी अधिकारी अपने-अपने जनपदों के जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। जिलाधिकारी महोदय द्वारा मा० सभापति सहित समिति के सभी सदस्यों को शहीद स्मारक स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। मा० सभापति महोदय द्वारा मेरठ विकास प्राधिकरण में नियुक्त किये गये नवयुवकों को नियुक्ति पत्र वितरित किये गये।





माननीय सभापति ने जनपद मेरठ, बागपत व हापुड़ के जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विगत तीन वर्षों में विधान परिषद के अल्पसूचित /तारांकित/ अतारांकित प्रश्नों, विधान परिषद् के नियम 115, 105, 110 तथा 111 की सूचनाओं, उत्तर प्रदेश विधान परिषद की प्राप्त याचिकायें, विशेषाधिकार हनन के प्रकरण, विधान परिषद के माननीय सदस्यों से प्राप्त पत्रों पर कार्रवाई, सदन के कार्यों के प्रति जिला स्तर पर सुझाव, संसदीय व्यवहार तथा प्रक्रिया, माननीय विधायकों के प्रोटोकॉल के उल्लंघन के प्रकरण, माननीय विधायकों के पत्रों के जवाब तथा अन्य बिंदुओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि विधान परिषद् उत्तर प्रदेश के माननीय सदस्यों व माननीय विधायकों द्वारा दिए गए पत्रों के क्रम में निर्धारित समय अवधि में कार्रवाई करते हुए कार्रवाई से उनको भी अवगत कराया जाए। साथ ही कहा कि विभागीय बैठकों, कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को भी अवश्य बुलाया जाए। मा० जनप्रतिनिधियों के प्रोटोकाल का अवश्य ध्यान रखा जाये। उन्होने कहा कि विभागीय कार्य प्रणाली को सरल और जनउपयोगी बनाने में अधिकारियों एवं मा० जनप्रतिनिधियों की भूमिका होती है। मा० जनप्रतिनिधि स्थानीय प्रशासन एवं जनता के बीच ब्रिज की तरह कार्य करते हैं, जिसका उद्देश्य आमजनमानस को सरकार के विकास कार्यक्रमो का लाभ पहुंचाना एवं प्रक्रियाओं को सरल करना होता है। समस्त अधिकारी जनप्रतिनिधियों द्वारा भेजे गये पत्रों का प्राथमिकता के आधार पर संज्ञान लेते हुये तत्काल कार्यवाही करें तथा संबंधित जनप्रतिनिधि को उससे अवगत कराएं। मा० जनप्रतिनिधि के कार्य क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्यों की शिलापट्ट पर उनका नाम भी अंकित किया जाये।

माननीय सभापति ने अधिकारियों से कहा कि उत्तर प्रदेश के मा० मुख्यमंत्री जी के सिद्धांतों पर चलते हुए कार्यकर्ताओं एवं जनता की समस्याओं का शीर्ष प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने का काम करें, ताकि जनता के बीच में शासन एवं प्रशासन के कार्य प्रणाली को लेकर सकारात्मक संदेश जाता रहे। मा० सभापति महोदय द्वारा जनपद में कराये जा रहे विकास कार्यों के संबंध में जिलाधिकारी एवं समस्त प्रशासनिक अधिकारियों की सराहना करते हुये जनपद में आयोजित मेरठ महोत्सव के सफल आयोजन के लिए बधाई दी गई।

जिलाधिकारी दीपक मीणा ने माननीय सभापति को आश्वस्त करते हुए कहा कि आज की बैठक में जो आपके द्वारा मार्गदर्शन एवं निर्देश दिए गए हैं उनका अधिकारियों के माध्यम से गंभीरता के साथ पालन सुनिश्चित कराया जाएगा।

इस अवसर पर उत्तर प्रदेश विधान परिषद् नियम पुनरीक्षण समिति के माननीय सदस्यगण, एसएसपी विपिन ताडा, नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अनिल कुमार, जिला विकास अधिकारी अम्बरीष कुमार, जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी, गणमान्य व्यक्ति व जनपद बागपत व हापुड़ के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

– श्रम शिखर ब्यूरो

FRIZZON
TRAVEL | EVENTS | FILMS
Adventure
Tour & Travels
AS YOU WISH
World Wide Travels

HOTEL, FLIGHT, CRUISE, CAR BOOKING
Domestic
All India & International
BOOK NOW
—Visit Office—
MEERUT | DELHI | MUMBAI
0121-2641338, 8266023450
www.frizzontravels.com
booking@frizzontravels.com

घर-घर में बागवानी (आर्गेनिक, हाइड्रोपोनिक्स)
★ घर/परिवार/संबंधियों /मित्रों के नाम के पौधे लगाइए।
★ बोतलों, डिब्बों को गमले के रूप में प्रयोग करें। इन्हें पेंटिंग क्राफ्ट के जरिए सुन्दरता दे सकते हैं।
★ दीवारों, छत, खुले जमीन, हैंगिंग स्थिति का प्रयोग करें।
★ प्रकृति से जुड़ें। ★ इन्हें परिवारजन को गिफ्ट दें।
★ इसके फोटो/विडियो भेजें, इन्हें डिजिटल प्लेटफार्म पर प्रसारित किया जा सकता है। इससे आपको पहचान, अनुभव मिलेगा।

दीवारों, छतों पर खेती
★ किचन फार्मिंग
★ सुन्दरता
★ प्रकृति की नजदीकी
★ ऑक्सीजन बढ़ायें
★ सब्जियां उगायें
★ वर्टिकल गार्डन (आर्गेनिक खेती)
★ हाइड्रोपोनिक्स (पानी की खेती)

श्री धनीराम (संरक्षक एवं मार्गदर्शक)
- अवकाश प्राप्त वरिष्ठ उद्यान अधिकारी
- वरिष्ठ योग शिक्षक, योग विज्ञान संस्थान
मो0 7817080979

हर्ष गर्ग ( छात्र बी.एससी. एग्रीकल्चर)
शोभित विश्वविद्यालय
मो0 9259666580

सम्पर्क- स्वामी आत्मोकामरान
मो0 9412843670
सद्भावना समिति
कार्यालय- श्रीकृष्ण भवन, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ

Print | Outdoor | Electronic | Signage | Film | Event | Magazine | Digital Media | Media International | Awareness Program | All News Paper
R- Reliable R-Reas on able
RR ADVERTISING SERVICES
Estd. 1979
Ph. 0121-2641338, 9412203620, 9219660360 | Email- rradvertisingmeerut@gmail.com




# मेरठ गांधी आश्रम का मामला विधानसभा में उठायेंगे यह मुद्दा विधायक अतुल प्रधान ने कहा

*आजादी की लड़ाई में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, लाल बहादुर शास्त्री एवं आचार्य जे.बी कृपलानी की लड़ाई के योद्धाओं की किसी न किसी रूप में कार्यस्थली गढ़ रोड स्थित गांधी आश्रम की भूमि को खुर्द बुर्द करने के प्रबंध समिति के प्रयासो के विरुद्ध आश्रम के कर्मचारियों एंव अन्य शुभ खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग में जाने के बाद भी समाधान न होने पर अब उ.प्र. विधानसभा में जायेगा। यह जानकारी सरधना (मेरठ) विधानसभा से समाजवादी पार्टी विधायक अतुल प्रधान ने देते हुए बताया कि, वह इस मामले को विधानसभा में उठायेंगे। अतुल प्रधान जनवरी 2025 को गांधी आश्रम में चल रहे इस खुर्द-बुर्द जमीन के प्रयास के विरुद्ध आन्दोलन में गये थें, और उन्होनें जानकारी पाकर आन्दोलन का समर्थन किया। इस आन्दोलन की अगुवाई कर रहें गांधी आश्रम कर्मचारी नेता अंनत देव खादी खरीद कर उसे 400रु गज में बेचने में लगा है ऐसे भी इस आश्रम के खादी उत्पाद चाहते हुए भी लोग खरीद नही रहें है। कौशिक का आरोप है कि साजिश के तहद खादी बेचकर वेतन व अन्य खर्चो हेतु धन इक्टठा करने के स्थान पर जमीन बेचकर खर्चे पूरा करने में लगे है। गांधी आश्रम की बहुमूल्य जमीन बेचने के लिए भूमाफियाओं से सांठगांठ एवं प्रशासन व शासन तथा सरकार को भ्रम में डाला जा रहा है। जिला प्रशासन व उ.प्र. खादी ग्रामोद्योग व अन्य स्तर से गांधी आश्रम की भूमि बेचने के प्रयास व अन्य भ्ष्टाचार जांचों में पो व प्रंबन्ध समिति के निलम्बन के बाद भी प्रंबन्ध समिति पर काबिज कर आजादी के इस गांधी आश्रम को खुर्द-बुर्द कर इसकी सम्पत्ति को बेचने के प्रयास रोके नही रुक रहे है।*

*- श्रम शिखर ब्यूरो*

श्रम शिखर + सद्भावना समिति (पंजी.) मेरठ राइजिंग

## हमारे प्रयास और उपलब्धियां

सर्वांगीण विकास के विभिन्न रूपों में, विकसित दृष्टिकोण की जरूरत है।

**सद्भावना समिति द्वारा मेरठ विकास के लिए किये जा रहे प्रयास**

**प्रेरणापूर्वक कार्य–** समाजिक एवं राष्ट्र विकास के लिए जन–जन सहयोग, सुझाव, भागीदारी आवश्यक है। समाजिक व राष्ट्र के विकास के लिए आप हमें सुझाव मन की बात संभावनाओं की विडियो बनाकर हमें भेज सकते हैं। जिससे राष्ट्र, समाज के विकास में आप, अपनी भूमिका निभा सकें।

**शहर में आवारा गौवंश के संरक्षण व आवारा कुत्तों द्वारा शहर में बढ़ती घटनाओं के संबंध में व पशुधन विकास के विषय में :–** सद्भावना समिति द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में जनहित विकास के लिए लगातार कार्य कर रही है। शहर में घूम रहे आवारा गौवंश व इनके संरक्षण के संबंध में 23.09.2023 में जिला प्रशासन के साथ मुख्यमंत्री महोदय को भी पत्र दिया गया था। इस पत्र का जवाब 06.11. 2023 में कार्यालय पशु चिकित्सा अधिकारी (मुख्य) द्वारा जवाब मिला जिसमें कहा गया इसके लिए लगातार कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है, और निगम की गौशाला कान्हा उपवन में भी आप संरक्षित करा सकते हैं।

शहर में कुत्तों द्वारा काटे जाने की बढ़ती घटना को रोकने के संबंध में जिलाधिकारी को इस पत्र का जवाब 11.12.2023 में मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा पत्र मिला जिसमें नगर निगम द्वारा अनुबंधित फर्म श्याम हैल्पिंग इ–साइट का जिक्र किया इनके द्वारा कुत्तों को पकड़कर बाहयकरण किया जाता है। पालतू श्वानों को पंजीकरण कराकर टीकाकरण कराकर छोड़ दिया जाता है।

शहर में पशुधन विकास व शहर के सभी नगर निकाय ग्राम पंचायतों में 50 से 100 मंजिलें पशुपालन केन्द्र खोलने के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय को पत्र भेजें गये। इस पत्र का जवाब हमे निदेशक प्रशासन व विकास पशुपालन विभाग द्वारा 07.12.2023 में पत्र मिला। जिसमें शासन/ निदेशालय को कोई भी शासनदेश नही मिला। पशुपालन केन्द्र (पशु चिकित्सालय एवं पशु सेवा केन्द्र) खोलने के मानक अलग–अलग बताएं गये।

27.01.2024 में पशुशालाएं केन्द्रों को खोलने के लिए नागरिकों से प्रस्ताव मांगने के साथ आय बढ़ाने के लिए पत्र दिये गये। इस पत्र का जवाब 01.05.2024 में पशुपालन विभाग लखनऊ से पत्र मिला जिसके इस योजना को तकनीकी दृष्टिकोण से उचित नहीं बताया गया। 25.11.2023 में कान्हा उपवन (गौशाला) के विकसित करने के लिए पत्र भेजें गये।

इसका जवाब 14.12.2023 में मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा नगर आयुक्त नगर निगम से इसके लिए अनुरोध किया गया हैं।

हमारे द्वारा गौ सेवा प्रकल्प मुहिम व आवारा श्वानों द्वारा घटना को रोकने के लिए लगातार पत्र लिखें जा रहें है।

हमारे प्रयास व उपलब्धियों की अधिक जानकारी हमारी वेबसाइट पर देखें। sadbhavnasamiti.in – रवि कुमार एडवोकेट संयोजक मो० 9675834737

सकारात्मक-सूचनात्मक उपयोगी समाचार
प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
E-Paper : shramshikhar.com
केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग एवं भारतीय रेलवे से विज्ञापन हेतू स्वीकृत डाक-पंजीकरण संख्या मेरठ 153.2025-2027
**RNI No. UPHIN/2009/31760**
साप्ताहिक अखबार श्रम शिखर, श्रीकृष्ण भवन (अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स), 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ
मो. 9219660359
**प्रधान सम्पादक** : सुनीता रानी 9897373736
**प्रबन्धक** : राकेश गुप्ता 9219660359
**बिक्री प्रबन्धक** : अश्विनी गुप्ता 9258402365
**इंटरनेट प्रबन्धक** : मेघा अग्रवाल 9219660359
**संरक्षक** : ब्रजभूषण 9457213164
**कानूनी सलाहकार** : दिनेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट : 0121-2760145, 9720171549
**मार्केटिंग टीम** : 9219660359, 9411990449
वरिष्ठ नागरिक संयोजक
श्री सुदेश चन्द शर्मा पुत्र पं. होराम शर्मा 245 खारी कुआं कोतवाली, मेरठ 8630180430
**उ.प्र. ब्यूरो चीफ** : अभिलाष गुप्ता 9412203620
**प्रभारी दिल्ली एवं महाराष्ट्र** : मंजरी गुप्ता, 42, अनामिका अपार्टमेन्ट इन्द्रप्रस्थ विस्तार पटपड़गंज, नई दिल्ली-92
202, बाहर बिल्डिंग, दूरदर्शन हाउसिंग सोसाइटी गोकुल धाम, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-63

## श्रमशिखर कार्यालय

**मेरठ**–श्रीकृष्ण भवन, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। (0121–2641338) सद्भावना 68ए सांईपुरम, दिल्ली रोड, मेरठ। (9219660359), **उत्तराखण्ड** – श्री राजेश कुमार गुप्ता, श्री ओम वैष्णव भोजनालय,78 गांधी रोड, देहरादून (9411548998), **गाजियाबाद**–(09540018282), अमित कुमार, 705 सी टॉवर, सातवां तल, जी0एच0 1/1, सैक्टर 01, ग्रीन एक्सप्रेस, वैशाली गाजियाबाद,उ0प्र0 09560115905, **दिल्ली**– राखी मित्तल–एफ–1, त्रिवेणी कॉम्पलेक्स शेख सराय फेस–1, न्यू दिल्ली–110017 मो0 9868511922 **हरियाणा**– राखी मित्तल, रीचमण्ड पार्क डीएलएफ, फेस–4, गुडगांव हरियाणा। मो0 9868511922 **मुजफ्फरनगर**– विजय बुक स्टोर, मेन रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर। फोन: 9897185208, 9152911899
**दिल्ली**– **Ankit Sisodia GF - 89, Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi-110065** श्रीमती रंजीता गर्ग, बी–120, शॉप नं.5, पांडव नगर दिल्ली मो. 9911808555 **लखनऊ**– अजय श्रीवास्तव, 3/20,विकास नगर लखनऊ फोन. 9335208218, **मुम्बई**–अचल गुप्ता, बी– 1603 सनटैक सिटी, गोरेगांव वेस्ट मुम्बई–63 मो.9920939916,
**सरधना**–महेश गुप्ता, न्यूज पेपर एजेन्ट मौहल्ला –गुजरान,सरधना, मेरठ ।
**हैदराबाद** श्रीमति नेहा गोयल फ्लैट नं0 1207 गोमेड ब्लॉक ''माई होम जैवल'' मदीनागुड़ा हैदराबाद 500049

डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ
**153-2025-2027 RNI No. UPHIN/2009/31760**
मालिक, प्रकाशक, मीना भूषण ने मुद्रक प्रिंटिंग – इम्प्रेशन्स प्रिटिंग – पैकेजिंग लिमिटेड, 164/1, मोहकमपुर, दिल्ली रोड़, मेरठ– 250002 से मुद्रित कराकर श्रीकृष्ण भवन, गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड मेरठ से प्रकाशित किया।
सम्पादक: सुनीता रानी
प्रबन्धक: राकेश गुप्ता
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों एवं लेख के चयन एवं सम्पादन हेतु जी. आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तर दायी समस्त विवाद मेरठ न्यायालय के अधीन ही होंगे।



## हैल्थ-वैल्थ

### एकलव्य भव्यधारा से प्रेरित

**अपने गुरु आप बनें, अप्पो दीपह भव: । अपना स्वास्थ्य-अपना अनुभव-अपना समाधान**

1. हर चिकित्सा पद्धति में हीलिंग का अपना तरीका है। हर पद्धति प्रकृति का एक खण्ड है। सभी को एक साथ देखें, प्रयोग करें परंतु अखण्ड रूप से, परंतु हर खण्ड की अपनी सीमाएं है। अवधि है। एक साथ का अर्थ व्यापक है।
2. प्रकृति में हर मनुष्य विशिष्ठ है हर क्षण भी, हर कण भी विशिष्ठ है लेकिन सभी मिलकर समाज से मानवता बनाते हैं, खण्ड है, अखण्ड है।
3. एकलव्य भावधारा के अनुरूप, आवश्यकतानुसार पैथी का प्रयोग करें, अनुभव लें और चलें। गतिमान रहें लोबन यात्रा हर क्षण नया सृजन करती है।
4. यहां हमारा प्रयास है कि जन-जन के अनुभव भी करें और अपने को सीखें, देखें ,करें और करायें की प्रक्रिया ही दैनिक (डिवाइन) प्रक्रिया अनुभव में आयेगी।
5. आज इंटरनेट पर दुनियाभर का अनुभव, मार्गदर्शन है, अपने अनुभव के साथ जोड़ें। विकसित हो, विकास में सहभागी बनें। हमने सोशल मीडिया से जोड़ा है आगुरु को अंगुठा भी नहीं देना होगा।
6. ऑफलाइन भी अपने संबन्धित चिकित्सकों से जुड़ें। हमने कुछ चिकित्सको के सहयोग से यह कार्य कर रहे हैं। इनसे भी परामर्श उपलब्ध है।
7. यहां स्पष्ट है हम कोई चिकित्सा परामर्श/दवाई/अन्य कुछ नही देते है आपके अन्दर की प्रज्ञा को समझने के लिए, स्वयं को जागृत होने के लिए उत्साहित/ मोटिवेट करने का प्रयास करते हैं।
8. प्रकृति हर क्षण नया सजृन कर रही है। हर क्षण नया है हर कण-कण नया है। हर विचार नया है। व्यक्तिगत है। एक अनुभव, दूसरे काम आयें ऐसा निश्चित नहीं है। इससे आगे आपका अनुभव होगा।
9. आपकी संतानों का अनुभव, आकार, विचार भी कुछ समानताओं के साथ पूर्ण रूप से नया है। नयी परिस्थिति हैं। नये परिणाम है।

**स्वास्थ्य समाधान अभियान (Health Solution Programme)**

सद्भावना वैलनेस कार्य किये जाते है। हमारे साथ विभिन्न पद्धति के चिकित्सक उपलब्ध है।

1. डॉ. शरद मोहन मो. 9259181149 (प्राकृतिक चिकित्सा)
2. डॉ. सीमा वैश्य मो. 8449315555 (योग आचार्य)
3. डॉ. पूजा जैन मो. 9411685775 (एक्यूप्रेशर)

पूर्व समय निर्धारित कर मिलें

ऑफलाइन सैंटर : शांतिपल चैरिटेबल चिकित्सा केन्द्र - 19, विक्टोरिया पार्क, जेलचुंगी, मेरठ

## जन-जन के लिए अवसर

### ज्वैलरी का महत्व

नाम........................................उम्र ........................
कक्षा ........................ हस्ताक्षर ........................
पिता का नाम/ फोन........................................
घर का पता........................................
पता ........................................फोन........................
(आधार कार्ड या स्कूल का आईडी कार्ड की फोटो कॉपी सलंग्न करें)

किले वाले KJ

# कमला ज्वैलर्स

**सोने, चाँदी व आर्टिफिशियल के आधुनिक डिजाइन में गारन्टीशुदा जेवर उपलब्ध हैं।**

**सोने व चाँदी के पुराने जेवर की मरम्मत व उजाल किया जाता है।**

**राशि के असली नग व उपरत्न उचित मूल्य पर उपलब्ध हैं।** **M. 0121-2668632**

लेख/विडियो आमंत्रित है :–

- अपनी वीडियो/लेख भेजें।
- जवैलरी का महत्व उसका जीवन में स्थान।
- ज्वैलरी का विवरण/विभिन्न प्रकार ?




**गांधी आश्रम के सामने, निकट नन्दन सिनेमा, गढ़ रोड, मेरठ मो. 0121-2668632**

ज्वैलरी अवसर :– अपनी ज्वैलरी का महत्व, उपयोग पर अनुभव आधारित लेख या अपने मोबाइल से वीडियों बनाकर , सद्भावना समिति के पतें पर भेजें, www.sadbhavnasamiti.in गुणवत्ता के आधार पर प्रोत्साहित किया जायेगा।

## इच्छाओं और जरूरतों का समाधान

हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED

www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



## MATRIMONAL

वैवाहिक परिचय:- वैवाहिक विज्ञापन में कार्य समूह और आर. एच. फैक्टर जांच कराकर प्रकाशित करायें। यह जन्मपत्री के साथ विज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिलान है आवश्यकता/उपलब्धता




## अतीत और भविष्य के बीच यह निरंतर तनाव, वर्तमान का यह निरंतर अभाव,

आंतरिक शोर है। जब तक यह बंद नहीं होता, आप उस मौन में नहीं जा सकते जो प्रार्थना है। हम विचारों, यादों - अतीतय इच्छाओं - भविष्यय अपेक्षाओं, सपनों से बहुत भरे हुए हैं। यह पूरा सामान बहुत भारी है और यह भीतर कोई जगह नहीं छोड़ता है, यह एक तरह की भीड़भाड़ पैदा करता है। और आनंद तभी संभव है जब भीतर पूर्ण मौन हो - कोई भीड़ नहीं, विचारों का कोई कोलाहल नहीं, इच्छाओं का कोई संघर्ष नहीं, कोई अतीत नहीं, कोई भविष्य नहीं बस यह क्षण, बस यह सांस अंदर जा रही है, बाहर आ रही है। मन से सावधान रहें - यह खेलने के लिए खिलौने देता रहता है। यदि आप एक तरह के खिलौने से तंग आ जाते हैं, तो यह दूसरे तरह के खिलौने बनाता हैरू सांसारिक, पारलौकिक, धार्मिक, आध्यात्मिक। मन सभी तरह के खिलौने बनाने में सक्षम है। जब आप आर-पार देख लेते हैं और आपकी नजर इतनी गहरी हो जाती है कि मन आपको धोखा देने की हिम्मत भी नहीं कर पाता, तो सत्य प्राप्त हो जाता है उतार-चढ़ावों के बीच वास्तविकता को खो देते हैं। वास्तविकता यहीं और अभी है। अतीत एक सीखने का अनुभव होना चाहिए, न कि एक चिरस्थायी सजा। बस याद रखो कि अतीत मर चुका है, और भविष्य अजन्मा है, इसलिए दोनों नहीं हैं, दोनों भ्रम हैं। कोई अतीत को याद कर सकता है या भविष्य की योजना बना सकता है, लेकिन साथ ही यह हमारे वर्तमान क्षणों को नहीं खाना चाहिए"। इसलिए वर्तमान-क्षण के इनकार और वर्तमान-क्षण के प्रतिरोध के पुराने पैटर्न को तोड़ो। जब भी जरूरत न हो, अतीत और भविष्य से ध्यान हटाने का अपना अभ्यास बनाओ। रोजमर्रा की जिंदगी में जितना संभव हो सके समय के आयाम से बाहर निकलो। कई लोग कहते है की हमें संगीत से क्या लेना देना, हमें तो सिर्फ ध्यान में रस है, हम फिल्म संगीत या और कोई क्कासिक संगीत क्यूँ सुने, समय क्यूँ बर्बाद करें हम फिल्म भी क्यूँ देखे, उसमे क्या रखा हैं हमें तो सिर्फ ध्यान करना हैहम कोई सुन्दर नवल कथा भी क्यूँ पढ़े ऐसी किताब पढ़ के क्या फायदा समय कई लोग, महापुरुष, राजपुरुषों और बुद्ध पुरुषो की सम आलोचना करने से डरने लगते है. फिर कई लोग ध्यान की विधि को एकदम कट्टरता से पकड़ने लगते है या कोई एक ही सद गुरु से प्रभावित हो जाते है. लेकिन उनको सच में पता नहीं हैं, की इस तरह के लोगों को शायद ही ध्यान लगता होगा, लेकिन उनको ध्यान लगना बड़ा मुश्किल है क्यूंकि जिन लोगो के जीवन में से रस उठ जाता है, वैसे लोग ध्यान में नहीं जा सकते क्यूंकि, जब सब रस विशुद्ध हो जाता है, तभी ध्यान बनता है, और जब रस विकृत बन जाता है तभी संसार बन जाता हैं लेकिन जो लोग रस को ही मार डालते है वे नपुसंक हो जाते है ओशो कहते है इसलिए जो लोग जीवन के सब रस में होश पूर्वक उतर जाते है, उनको ही ध्यान लग जाता है, और ध्यान लगते ही उनकी आँख आश्चर्य से भर जाती है...और आश्चर्य ही आनंद है छोटा बच्चा और प्रबुद्ध पुरुष आश्चर्य में जीता है, इसीलिए वे हमेशा आनंदमय होते हैं हम देखते है, ओशो सुन्दर नवलकथा भी पढ़ते है, उनके हिसाब से सबसे सुन्दर नवल कथा "ब्रधर कर्माजोल" वे टगोर की कविता गाते है,सितार भी सुनते है, मेरी समज से उनका प्रिय राग वे गाडी भी चलाते है, और राजनीति के ऊपर प्रवचन भी देते है, उनकी पांच किताब राजनीति के ऊपर हैं गुर्जिएफ्फ सिगार और वाइन भी पिता है, रसोई तो हमेशा खुद ही करता है, उनको नयी नयी वांनगी बनाने का बड़ा शोख था...संगीत भी काम्पोस करता है, कोरियोग्राफी भी करता हैं किताब भी लिखता हैं कृष्णामूर्ति कपडे के और घुमने के बड़े शोकीन हैं, शूट बुट या टी-शर्ट जीन्स में रहते है हमेशा डिटेक्टिव कथा पढ़ते रहते है,...टेनेसिन की कविता गाते रहते हैं ओशो कहते है, की बुद्ध पुरुष, कई प्रकार के हो सकते है, जैसे हरेक फूल बेजोड़ है, हरेक की सुगंध अलग है - **ओशो**

## माइग्रेन दर्द को ठीक करने के लिए रामबाण घरेलु इलाज -- आरोग्य

**माइग्रेन को दूर भागने के घरेलु नुस्खे**

हरी पत्तेदार सब्जियाँ : हरी पत्तेदार सब्जियाँ इन सब्जियों में मैग्निशियम अधिक होता है। यह रसायन माइग्रेन के दर्द को तुरंत गायब कर देगा। साबुत अनाज, समुंद्री जीव और गेहूं आदि में बहुत मैग्निशियम होता है।

अलसी का बीजः इसमें भी खूब सारा ओमेगा 3 और फाइबर पाया जाता है। यह बीज सूजन को कम कर लें

कॉफीः यह बात बिल्कुल सही है कि सिर दर्द में कॉफी पीने से वह गायब हो जाता है, तो माइग्रेन अटैक आने पर कॉफी का सेवन जरुर करें।

अदरकः आयुर्वेद के अनुसार अदरक आपके सिर दर्द को ठीक कर सकता है। भोजन बनाते वक्त उसमें थोड़ा सा अदरक मिला दें और फिर खाएं।

दूधः दूध वसा रहित दूध या उससे बने प्रोडक्ट्स माइग्रेन को ठीक कर सकते हैं। इसमें विटामिन बी होता है जिसे राइबोफ्लेविन बोलते हैं

बाजराः इसमें फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट और मिनरल पाये जाते हैं। तो ऐसे में दर्द पड़ने पर साबुत अनाज से बने भोजन का जरुर सेवन करें। कुछ अन्य नुस्खे जिनकी मदद से आप माइग्रेन की बीमारी को दूर कर सकते है एक तोलिये को गरम पानी में डुबाकर उस गरम तोलिये से दर्द वाले हिस्सों में मालिश करें। इसी तरह की मालिश से भी आराम मिलता है। इसके लिए आप बर्फ के टुकड़ों का उपयोग भी कर सकते हैं। कपूर को घी में मिलकर सर पर हलके हाथों से मालिश करें। मक्खन में मिश्री मिलाकर सेवन करें। नींबू का छिलका पीसकर उसका लेप माथे पर लगाने से माइग्रेन ठीक होता है। रात की नींद अच्छी तरह से लें। ताकि आप अच्छा महसूस कर सकेंगे। किसी मेडिसिन से भी आराम न मिले, ऐसे में घरेलू नुस्खे प्रयोग करके माइग्रेन के दर्द से छुटकारा पाया जा सकता है

1. हर रोज दिन में 2 बार गाय के देशी घी की दो–दो बूँदें नाक में डालें। इससे माइग्रेन में आराम मिलता है।
2. तेल को हल्का गर्म कर लें और माइग्रेन का दर्द सिर के जिस हिस्से में हो वहां पर हल्के हाथों से मालिश करवाये। हेड मसाज के साथ साथ कंधो, गर्दन, पैरों और हाथों की भी मालिश करें।
3. सुबह खाली पेट सेब खायें। माइग्रेन से छुटकारा पाने में ये उपाय काफी असरदार है।
4. माइग्रेन अटैक आने पर मरीज को बेड पर लेट दे और उसके सिर को बेड के नीचे की ओर लटका दें। सिर के जिस भाग में दर्द है अब उस तरफ की नाक में कुछ बूंदे सरसों के तेल की डाले और रोगी को जोर से सांसों को उपर की ओर खींचने को कहें। इस घरेलू उपाय को करने पर कुछ ही देर में सिर दर्द कम होने लगेगा।
5. घी और कपूर का इस्तेमाल करें। कपूर गाय को देशी घी में मिलाकर सिर पर हल्की हल्की मालिश करने पर Head Pain is Relief मिलता है।
6. माइग्रेन के इलाज में कुछ लोगों को ठंडी चीज से आराम मिलता है और कुछ को गरम से। अगर आपको गरम से आराम मिलता है तो गरम पानी प्रयोग करें और ठंडे से आराम मिलता हैं ठंडे पानी में तोलिये को भिगो कर कुछ देर दर्द वाले भाग पर रखे। कुछ देर में ही माइग्रेन से राहत मिलने लगेगी।
7. नींबू के छिलके पीस कर पैस्ट बना लें और इसे माथे पर लगाएं। इस उपाय से भी आधा सीसी सिर दर्द की समस्या से जल्दी निजात मिलती है।
8. बंदगोभी की पत्तियां पीसकर उसका पैस्ट माथे पर लगाने से भी आराम मिलता है।
9. माइग्रेन की बीमारी में पानी ज्यादा पिए। आप चाय का सेवन भी कर सकते है।
10. जब भी माइग्रेन हो आप किसी खाली रूम में बेड पर लेट जाए और सोने का प्रयास करें।

## हमारे बुजुर्ग-हमारी सम्पदा (मार्ग -दर्शक हमारे वरिष्ठ नागरिक)

वरिष्ठ नागरिक परिपक्व पुष्प है जिसकी सुगंध से समाज को उनके अनुभवों द्वारा लाभान्वित किया जा सकता है। क्योंकि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक एक स्वयं संस्थान है । जिसके द्वारा युवा पीढ़ी मार्गदर्शन प्राप्त कर विकास के पथ पर अग्रसर होगी। वरिष्ठ नागरिक फोरम सद्भावना समिति मेरठ का मिशन है। कि मेरठ के सभी वरिष्ठ नागरिकों की रचनात्मकता का सदुपयोग हो प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को श्रम शिखर समाचार पत्र की वार्षिक सदस्यता प्रदान की जायेगी जिससे वे अपने अनुभव, रचनाएं (कविता, कहानी, लेख आदि) श्रम शिखर में प्रकाशन हेतु भेज सकें।

## धैर्य व संतोष मेरा है मील का पत्थर (लेख)



मेरा धैर्य एवं संतोष है एक मील का पत्थर, मेरे जीवन में। उम्र के अन्तिम पड़ाव में आने पर आत्म शक्ति है। अटूट मुझमें जिसने मुझे यहां तक पहुँचा दिया- बस । छोड़ा बाबुल का अंगना आई पिया के अंगना मैं जब सबकुछ ही तो बदल गया। आरोपों की बौछार एवं अन्य दुसाध्य कष्टों में जीवन झकझोर दिया। एकाकी जीवन अनजानों में पहुंच गई मैं। शिक्षा, विवेक एवं माता-पिता के संस्कारों ने दिया साथ मुझे बस-हिम्मत, धैर्य एवं सुदृढ़ सोचने बढ़ा दिया मुझको। किया समना इन सबका में, न डरी, न घबराई, मील के पत्थर की तरह जीवन में अड़ी रही, नहीं कोई हट सका मेरी राह को, बस-बना लिया ध्येय केवल एक ही बढ़ते रहना जीवन में आगें ही आगें पहुंच जाओगी मंजिल पर अपनी। जीवन में आगें ही आगें पहुँचा जाओगी। मंजिल पर अपनी। जीवन करो। सार्थक अपना तुम। हिम्मत है यदि कोई नही। गिरा सकता तुमको आरोपों और कष्टों से मत घबराना कभी। माता-पिता ने अपने आदर्शों से बना दिया मुझको हिम्मत वाली। मेरी तुम सबसे है। यही सीख जीवन में न कर परवाह किसी की अपनी डगर रखों सुदृढ़ और सच्ची बस बढ़ जायेगी। जीवन में अपनी-अपनी लिखना तो बहुत चाहती थी। विचारों का समुन्द्र है मेरे में किन्तु -हर बात प्रकाशित नहीं की जाती है

**ऊषा महेन्द्रा**
**अवकाश प्राप्त शिक्षिका**

## मेरा बचपन

भूला बिसरा बचपन याद आता है
अबोहर की गलियों में
खेला हुआ बचपन याद आता है।
नई आबादी का दुर्गा मां का
सुंदर मंदिर याद आता है।
गंगानगर रोड पर माँ काली का
अद्भुत दरबार याद आता है।
कॉलेज रोड पर खिलखिलाता
यौवन याद आता है।
लगड़ी की टिक्की का
खट्टा-मीठा स्वाद याद आता है।
शहर की गलियों में साथ घूमता
वफादार दोस्त याद आता है।
मुझे मेरा बचपन ही नहीं
मेरा शहर अबोहर याद आता है।
**राजीव डोगरा (युवा कवि लेखक)**



## चुटकुलें-जोक्स- कार्टून

आप लिख सकते हैं जो जीवन को इशारा भी कर सकते हैं। तो एक बेहतरीन जोक्स/कार्टून/चुटकुले हमें भेजें व्हॉटसऐप करें 9219660359 या Shramshikhar@gmail.com पर भेज सकते हैं। स्वीकृत होने पर आपके नाम के साथ प्रकाशित होगा।

## लेखन

काव्य, गीत, गजल, कहानियां, स्वलिखित प्रमाण-पत्र व फोटो के साथ प्रकाशनार्थ भेजें। स्वीकृत होने पर प्रकाशित की जायेगी।

## स्वयं बने पत्रकार

आप अपने आस-पास की जानकारी, विवरण अपने फोटो, परिचय विवरण के साथ हमें भेजें। व्हॉटसऐप करें 9219660359 या Shramshikhar@gmail.com पर भेज सकते हैं। स्वीकृत होने पर आपके नाम के साथ प्रकाशित होगा।

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



EDUCATION
शिक्षा कार्य- शिक्षा संबन्धित जानकारियों और विभिन्न कोर्सो के विज्ञापन हेतू आवश्यकता/उपलब्धता